राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

पाठ 1 : ग्रंथालय एवं सूचना केंद्र अवधारणा और समाज में भूमिका

कार्यपत्रक - 1

1. जब आप किसी ग्रंथालय और किसी सूचना केंद्र में जाते हैं तो आपको क्या स्पष्ट अंतर दिखाई देते हैं?

2. किसी स्थानीय ग्रंथालय में जाना आपके विकास में किस प्रकार सहायक हो सकता है?

3. आपके विचार से आजीवन शिक्षण के संबंध में ग्रंथालय किस प्रकार सहायक होते हैं?

4. वर्तमान में हमारे जीवन में ग्रंथालय जो परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं, उन्हें प्रभावित करने वाले कौन -से संभावित कारक हैं?

5. 'लोगों द्वारा ग्रंथालय का प्रयोग, समय के साथ - साथ, उन्हें समाज का सुविज्ञ और शिक्षित नागरिक बनाता है और उचित समय में उन्हें जानकार और शिक्षित बनने में सहायक होता है।' उक्त वक्तव्य के लिए एक प्रश्न का निर्माण कीजिए।

6. डिजिटल लायब्रेरी ऑफ इंडिया को ऑनलाइन देखिए और परिक्षण कीजिए कि आप प्रलेखों और सामग्री का अभिगम कैसे कर सकते हैं? दस प्राप्तियों की सूची बनाएँ।

7. आप भारत में दुर्लभ प्रलेखों एवं पुस्तकों का संग्रह कहाँ प्राप्त कर सकते हैं? तीन को सूची तैयार कीजिए।

8. आपके अनुसार एनआईओएस को कैसा संग्रह तैयार करना चाहिए जो शिक्षार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा प्राप्ति में सहायक हो?

9. क्या आप समझते हैं कि सूचना विश्लेषण केंद्र जो सूचना प्रदान करते हैं, सूचना को प्रसारित करने से पहले उनकी पुष्टि करते हैं? अपने उत्तर के समर्थन में उचित तर्क दीजिए।

10. मध्यकाल में, ग्रंथालयों के अस्तित्व से पहले, लोग जानकारी, परीक्षण एवं आदान-प्रदान किस प्रकार करते थे? तीन प्रकारों को सूचीबद कीजिए।